हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 राजनीतिक नहीं, यह राम नैतिक है यात्रा, 5 अंक का संयोग लेकर...



07 जिलेभर में पथ संचलन निकालकर संघ करेगा अपनी शक्ति का...



खबर संक्षेप

ग्राम पडरिया में 20 बोरी नकली डीएपी खाद जब्त

सागर। कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम पडरिया में बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम पडरिया निवासी सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता मालक सिंह ठाकुर के निवास पर छापामार कार्यवाही कर मौके से 20 बोरी नकली डीएपी खाद जब्त की। प्रारंभिक जांच में खाद नकली एवं अमानक स्तर की पाई गई है। विभाग द्वारा जब्त खाद के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि खाद, बीज एवं उर्वरक केवल अधिकृत विक्रेता से ही पक्का बिल लेकर खरीदें, किसी भी प्रकार की नकली खाद की सूचना तत्काल विभाग को दें।

खुरई में जनसंवाद व समस्या निवारण शिविर आज

सागर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोक सेवाओं के समय-सीमा में प्रदाय हेतु 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत खुरई स्थित महाकाली टीन शेड खुरई में जनसंवाद कार्यक्रम एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कलेक्टर प्रतिभा पाल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी मौजूद रहेंगे और प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। नागरिक अपनी शिकायतें व सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 22 अक्टूबर को

सागर। कमिश्नर सागर संभाग की अध्यक्षता में संभाग अंतर्गत लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू के माध्यम से चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 22 अक्टूबर को अपरान्ह 03:00 बजे सभाकक्ष, कार्यालय कमिश्नर, सागर संभाग में आयोजित होगी। बैठक में लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू के माध्यम से संचालित समस्त निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा की समीक्षा की जाएगी।

सागर में 13 दिसंबर को आयोजित होगी 'सागर ऑनर रन'

सागर। सागर में भारतीय सेना के आर्मी डे के अवसर पर 13 दिसंबर को सागर ऑनर रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। आयोजन को सुचारू और सफल बनाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार गोमे सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं और तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। मैराथन की थीम रन फॉर हॉनर... रन फॉर नेशन!' है। मैराथन में 5 किमी के अलावा 10 किमी और 21 किमी की श्रेणियां शामिल होंगी।

विधायक भार्गव ने दी बधाई, कहा: कौशल आधारित शिक्षा से संवरेगा विद्यार्थियों का भविष्य

गढ़ाकोटा के सांदीपनि विद्यालय ने रचा इतिहास फ्यूचर रेडी स्किल एजुकेशन में देश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढ़ाकोटा के शासकीय सांदीपनि विद्यालय ने 'फ्यूचर रेडी स्किल एजुकेशन' के प्रेजेंटेशन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर रहली विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री पंडित गोपाल भार्गव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थियों और इस सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि गढ़ाकोटा के शासकीय सांदीपनि विद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना पूरे रहली विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यालय परिवार की मेहनत, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों का परिणाम है।

विधायक भार्गव ने कहा कि वर्तमान दौर में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। उन्हें आधुनिक तकनीक, व्यावहारिक ज्ञान और रोजगारपरक कौशल से जोड़ना आवश्यक है। कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है और आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय की यह सफलता अन्य शैक्षणिक संस्थानों को भी नवाचार और आधुनिक शिक्षा पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

राष्ट्रीय उपलब्धि से क्षेत्र का बढ़ा मान

शासकीय सांदीपनि विद्यालय की इस उपलब्धि को गढ़ाकोटा सहित रहली विधानसभा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। 'फ्यूचर रेडी स्किल एजुकेशन' के प्रेजेंटेशन में देश में प्रथम स्थान हासिल करना विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला कदम है। विधायक गोपाल भार्गव ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और इसे गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।



चुनरी यात्रा का भाव, भक्ति और सर्वधर्म सद्भाव की भावना से किया भव्य स्वागत

सागर। माँ हरसिद्धि सेवा समिति द्वारा नगर के कल्याण, सुख समृद्धि, सर्वधर्म सदभाव हेतु आज नवरात्रि की पंचमी के पावन पर्व पर चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा राजीवनगर वार्ड,भोपाल रोड से प्रारंभ होकर चमेली चौक, बड़ा बाजार होते हुए बाघराज मंदिर पहुंची। यात्रा का रामबाग मंदिर के नजदीक शहर सेवादल अध्यक्ष के नेतृत्व में भव्य ओर भक्ति भाव से स्वागत किया गया। चुनरी यात्रा में शामिल भक्त जनों का पुष्प वृष्टि कर अभिवादन किया गया। यात्रा के आयोजक पंडित प्रिंस उपाध्याय, विनोद प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, गोपाल प्रजापति को पगड़ी ओर पुष्प माला पहनाकर, श्रीफल भेंट कर सम्मानित करा गया। सभी भक्त जनों को फल प्रसाद वितरण किया गया। स्वागतकर्ताओं में साबिर कुरेशी पम्मा भाई, फिरदोष कुरैशी, लल्ला यादव शाहबाज कुरैशी, अभिषेक पाठक, विजय जड़िया, प्रवीण पटेल, प्रवीण यादव, अक्षय मिश्रा, दुष्यंत चाचोंदिया, अंकुर यादव, परख शुक्ला, यश कटारे, राज कटारे, सनी राय, सीताराम तिवारी, बब्लू तिवारी, पप्पू गुप्ता, महेश गुप्ता, शाहनवाज कुरैशी, विककी, सलमान, रमेश बौद, अबरार, तरूण टाईगर, आफताब, अंकित अग्रवाल, शुभम नागार्च, शिवांश गुप्ता आदि जन उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा, समय पर और गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न विभागों के डिपॉजिट वर्क्स एवं विकास परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रगति रिपोर्ट के आधार पर सभी प्रोजेक्ट्स की वित्तीय और भौतिक प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि हाउसिंग बोर्ड के तहत-धर्मश्री पर मंगल विहार आवासीय योजना में 167 मकानों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में कॉलम फुटिंग एवं सरिया बांधने का काम चल रहा है। कलेक्टर ने कार्य में गति लाते हुए इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। खुरई रिडेंसिफिकेशन योजना के तहत पशु चिकित्सालय एवं शासकीय आवास हैंडओवर किए जा चुके हैं। तहसील व एस डीएम कार्यालय भवन, रेस्ट हाउस तथा पी डब्ल्यू डी ऑफिस का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। हिनौता गौशाला (300 गाय क्षमता), बस पिकअप स्टेशन, क्रिकेट ग्राउंड एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गुलार रोड का निर्माण भी पूरा हो चुका है। राहतगढ़ सीएचसी का कार्य फिनिशिंग स्टेज पर है; इसे दिसंबर 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का 42% कार्य पूर्ण हो चुका है। लंबित 30% रूफ स्लैब का कार्य मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से समन्वय कर जून 2027 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य में हुई देरी का आकलन करने, संबंधित ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा पेनल्टी लगाने के सख्त निर्देश दिए गए। इसी प्रकार शासकीय स्वशासी कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागरः में बाउंड्री वॉलनिर्माण, पं.दीनदयाल उपाध्याय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्रोजेक्ट, शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग के कार्यों को भी समय सीमा में करने के निर्देश दिए गए।

सांदीपनि विद्यालय गढ़ाकोटा के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के इस कार्य में विलंब पर चिंता व्यक्त करते हुए स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिए। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, केसली के स्वीकृत प्रोजेक्ट में गति प्रदान करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार आयुर्वेद महा विद्यालय एवं अस्पताल, सागर में हॉस्टल ब्लॉक, एडमिन ब्लॉक और अस्पताल ब्लॉक के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए तय समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि सेंट्रल जेल सागर रिडेंसिफिकेशन में अत्याधुनिक जेल का संशोधित डीपीआर प्रस्तुत किया जा चुका है, जिस पर आगे की कार्यवाही जारी है।

सागर के बाल नवाचारकर्ता अर्जुन ने बनाया 'इम्पैक्ट ओएस', बेंगलुरु में मिला युवा नवाचारक सम्मान

पानी, हवा, मौसम और जर्जर भवनों की जानकारी एक डिजिटल मंच पर लाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



आर्मी पब्लिक स्कूल सागर में कक्षा छठवीं के छात्र अर्जुन उपाध्याय ने शहरी समस्याओं के समाधान की दिशा में अभिनव पहल की है। अर्जुन ने 'इम्पैक्ट ओएस' नाम से वेब पोर्टल एवं मोबाइल अनुप्रयोग तैयार किया है। इसमें पानी की गुणवत्ता, वायु प्रदूषण, मौसम और जर्जर भवनों सहित शहरी सुविधाओं से जुड़ी जानकारियां एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है। उनके नवाचार को बेंगलुरु में आयोजित तकनीकी नवाचार महोत्सव में सराहना मिली और उन्हें 'युवा नवाचारक' सम्मान से सम्मानित किया गया।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से एक मंच पर जानकारी

अर्जुन के अनुसार, इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों और दिल्ली में जर्जर इमारतों से जुड़ी घटनाओं ने उन्हें इस परियोजना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से विभिन्न सार्वजनिक सूचना स्रोतों की जानकारी एक मंच पर लाने का प्रयास किया है। इसमें नगर निगम, स्थानीय प्रशासन, जल परीक्षण प्रयोगशालाओं तथा मौसम एवं वायु गुणवत्ता से जुड़े स्रोतों की जानकारी को एकीकृत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

जर्जर भवनों की चेतावनी भी मिलेगी

'इम्पैक्ट ओएस' के माध्यम से नागरिक पानी और हवा की गुणवत्ता, मौसम तथा अन्य शहरी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा जल आपूर्ति, ऊर्जा, बिजली, सौर ऊर्जा और पौधरोपण से जुड़े आंकड़े भी उपलब्ध कराने की योजना है। जर्जर भवनों से संबंधित नोटिस और चेतावनी की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई जा सकेगी।

अर्जुन की तकनीकी यात्रा आठ वर्ष की उम्र में पिता से मिले पुराने लैपटॉप से शुरू हुई। उसमें आई तकनीकी समस्याओं को ठीक करने के दौरान उनकी रुचि कंप्यूटर में बढ़ी। इसके बाद उन्होंने इंटरनेट पर उपलब्ध वीडियो से प्रोग्रामिंग और कोडिंग सीखी। स्कूल प्रतियोगिता के लिए अनुप्रयोग बनाने के दौरान मिले प्रोत्साहन ने उन्हें नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाया।



पंचायत सचिव-सहायकों को स्वामित्व योजना से पृथक रखने की की मांग

सचिव संघ मोर्चा ने जिला पंचायत सीईओं के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

प्रदेश सरकार की स्वामित्व योजना कार्य से ग्राम पंचायत सचिव और सहायक सचिवों को पृथक रखने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव संघ संयुक्त मोर्चा ने जिला पंचायत सीईओं के नाम केसली जनपद सीईओं को 3 सूत्रीय ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया कि स्वामित्व योजना का कार्य राजस्व विभाग से संबंधित है जिसके अंतर्गत संबंधित राजस्व अधिकारियों एवं पटवारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पंचायता सचिवों एवं सहायक सचिवों पर पहले से ही ग्राम पंचायत के विभिन्न विभागीय एवं प्रशासनिक कार्यों का अत्याधिक भार है, अतः उक्त योजना कार्य से संबंधित किसी प्रकार के प्रभार सचिव एवं सहायक सचिवों को दिये जाने से पंचायत कार्य प्रभावित होने की संभावना है। ज्ञापन में बताया गया कि पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान कर सकते हैं लेकिन योजना के अंतर्गत राजस्व विभाग से संबधित मूल कार्यो का दायित्व संबंधित विभाग का ही होना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि स्वामित्व योजना अंतर्गत राजस्व विभाग से संबंधित कार्य उनसे न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये जाए। ज्ञापन में मांग की गई कि पंचायत सचिव एवं सहायक सचिवों के पास पंचायत के कार्यो का भार है अतः उनके मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्य न कराये जाने हेतु कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में मांग की गई कि स्वामित्व योजना के रिकार्ड में अत्याधिक त्रुटियां हैं जिनका सुधार मात्र राजस्व विभाग द्वारा ही किया जा सकता है अतः सचिव एवं सहायक सचिवों को उक्त कार्य संबंधी प्रभार न दिये जाए। इस अवसर पर मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

स्वामित्व योजना प्रगति पर कलेक्टर का कड़ा रुख फील्ड पर रहकर काम पूरा करने के दिए निर्देश



सागर। स्वामित्व अधिकार निष्पादन योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मैदानी अमले को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और सभी अधिकारियों को तुरंत फील्ड पर उतरने के कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि वे केवल दफ्तरों तक सीमित न रहें। सभी अधिकारी सीधे अपने-अपने हल्कों में पहुंचे और वहां स्वामित्व योजना से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़े जितने भी पेंडिंग इश्यू या बाधाएं हैं, उन्हें मौके पर ही निराकृत कराएं। योजना के तहत रजिस्ट्री प्रक्रिया में देरी पर कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीईओ खुद जनपद पंचायतों और गांवों का दौरा करें। जहां-जहां अब तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है, वहां संबंधित ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक से तुरंत काम शुरू कराएं। समीक्षा बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने साफ शब्दों में कहा कि स्वामित्व योजना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें सभी सक्रिय रहकर कार्य करें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रवीश श्रीवास्तव, सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।



सड़क और सार्वजनिक स्थलों से आवारा गौवंश को नपा अमले ने पकड़ा

देवरीकलाँ। नगर की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम विचरण कर यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे आवारा पशुओं पर कार्रवाई कर नगरपालिका अमले द्वारा उन्हे पकड़कर मुक्तिधाम स्थित गौशाला में पहुँचाया गया है। देवरी नगर के बाजार, चौराहों एवं मुख्य मार्ग सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे आवारा पशुओं के कारण आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में नागरिकों से मिल रही शिकायत के बाद नगर पालिका परिषद देवरी धरपकड़ अभियान आरंभ किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार के निर्देशानुसार नगर पालिका के कर्मचारियों की टीम ने नगर के मुख्य मार्ग एवं वार्डो में अभियान चलाकर सड़क पर घूम रहे 30 आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से मरघट महेश्वर गौशाला कौशल किशोर वार्ड छुड़वाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार ने बताया कि आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें सुरक्षित गौशाला छोड़ा गया। उन्होने नगर के पशु मालिकों से भी अपील की है कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें। खुले में पशुओं के विचरण से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ ही पशुओं और आम नागरिकों दोनों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार ने कर्मचारियों को नगर में नियमित रूप से भ्रमण कर आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका की इस कार्रवाई से नगर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने और आमजन को राहत दिलाने में मदद मिलेगी।

कालिदास समारोह में विद्यार्थियों ने संस्कृत प्रार्थना व नाटक से मोहा मन

संस्कृत हमारी सांस्कृतिक पहचानः विधायक शैलेंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासकीय हाई स्कूल गोपालगंज में महाकवि कालिदास जयंती के अवसर पर कालिदास समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने मां सरस्वती एवं महाकवि कालिदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने संस्कृत में प्रार्थना और नाटक प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत भाषा की महत्ता को प्रदर्शित किया। इस दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

संस्कृत ज्ञान परंपरा की वाहक

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि महाकवि कालिदास ने अपनी कालजयी रचनाओं के माध्यम से भारतीय साहित्य और संस्कृत भाषा को समृद्ध किया। संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारत की ज्ञान परंपरा, दर्शन, साहित्य और संस्कृति की वाहक है। रामायण, महाभारत और श्रीमद्भगवद्गीता जैसे महान ग्रंथों में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी का संस्कृत से जुड़ाव बढ़ाने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के लिए संस्कृत को अनिवार्य विषय बनाने की दिशा में भी प्रयास होने चाहिए, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन ज्ञान परंपरा को समझ सकें। आधुनिक शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं से भी जुड़े रहना चाहिए।

डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

विधायक ने पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनके संघर्ष, वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में योगदान की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया।

विद्यालय के उन्नयन में सहयोग का आश्वासन

कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से उन्नयन से संबंधित मांग विधायक के समक्ष रखी गई। विधायक ने विद्यालय की आवश्यकताओं पर सकारात्मक पहल करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य रूपेश यादव, वसीम खान, गौरीशंकर दक्ष, सुनील जैन, निकलंक जैन सहित शिक्षक राजा भार्गव, विद्या गौतम, संगीता साहू, प्रतिभा नामदेव, अलका शुक्ला, अंजलि पाल, उमेश सोनी, चांदनी सोनी सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

राजनीतिक नहीं, यह राम नैतिक है यात्रा, 5 अंक का संयोग लेकर यात्रा पहुंची टीकमगढ़

बोलेः जात-पात व छुआछूत छोड़ एकजुट हो हिंदू समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





5 जिले, 5 दिन और 5 सौ किलोमीटर के सफर में 5 अंक के संयोग के साथ सनातन हिंदू एकता का संदेश लेकर निकली बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की रथ यात्रा बुधवार देर रात टीकमगढ़ पहुंची। छतरपुर, पन्ना, दमोह, सागर और टीकमगढ़ को जोड़ने वाली इस यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धा और उत्साह का माहौल नजर आया। कहीं महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर स्वागत किया, तो कहीं बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया गया। रास्तेभर श्रद्धालुओं की भीड़ और जयकारों के बीच यात्रा कुंडेश्वर रोड स्थित पीजी कॉलेज परिसर पहुंची, जहां देर रात करीब ढाई बजे दिव्य दरबार का आयोजन किया गया।

इस दौरान बागेश्वर धाम सरकार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह यात्रा राजनीतिक नहीं, बल्कि राम नैतिक है। उन्होंने हिंदू समाज से जात-पात और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त कर एकजुट होने की अपील की। साथ ही बेटियों को उच्च शिक्षा हासिल कर बड़े पदों तक पहुंचने और युवाओं को माता-पिता के सम्मान को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। बुधवार रात करीब 9:30 बजे बड़ागांव धसान मार्ग से जिले की सीमा में प्रवेश करने वाली इस यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर पारंपरिक तरीके से अगवानी की, जबकि कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर अपनी आस्था प्रकट की। इसके बाद यात्रा कुंडेश्वर रोड स्थित पीजी कॉलेज परिसर पहुंची, जहां दिव्य दरबार के आयोजन के साथ श्रद्धालुओं को संबोधित किया गया। यात्रा में प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज और अयोध्या की हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास भी शामिल रहे। यात्रा संयोजक राजेंद्र तिवारी और राहुल तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम की व्यवस्थाएं की गईं। संयोजक राजेंद्र तिवारी के अनुसार, कार्यक्रम स्थल पर हजारों लोगों के भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई थी।

मोहब्बत बुरी तो नहीं पर माता पिता से ज्यादा जरूरी भी नहीं



पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित दिव्य दरबार में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा, आत्मनिर्भरता और अपने भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर बनें तथा जीवन में ऊंचे मुकाम हासिल करें। इसके साथ ही उन्होंने सांस्कृतिक पहचान और मर्यादाओं को बनाए रखने की बात कही। उनके इस संबोधन में बेटियों की शिक्षा और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर उनका दृष्टिकोण सामने आया। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने प्रेम संबंधों और पारिवारिक जिम्मेदारियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, माना कि मोहब्बत बुरी नहीं है, लेकिन मां-बाप से ज्यादा जरूरी नहीं है। इस कथन के जरिए उन्होंने युवाओं को माता-पिता के त्याग, समर्पण और उनके प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराया। देर रात तक चले कार्यक्रम में उनके संबोधन को सुनने के लिए श्रद्धालु मौजूद रहे।

जात-पात, छुआछूत है एकता में बाधा

दिव्य दरबार और अपने संबोधन के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बुंदेलखंड में सामाजिक एकता का मुद्दा उठाते हुए जात-पात और छुआछूत को हिंदू समाज के बंटवारे की प्रमुख वजह बताया। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना को समाप्त किए बिना वास्तविक एकता स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने लोगों से जातिगत दीवारों से ऊपर उठकर एक-दूसरे को सम्मान देने और सनातनी के रूप में एकजुट रहने का आह्वान किया। उनके संबोधन में सनातन धर्म की रक्षा के साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संदेश भी प्रमुखता से सामने आया। यात्रा के दौरान बड़ागांव धसान और आसपास के क्षेत्रों में उन्होंने शराबबंदी की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

अनिरुद्धाचार्य महाराज ने भी समरसता पर दिया जोर

यात्रा में शामिल प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज ने भी हिंदू समाज को एकजुट करने और सामाजिक विषमता दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में जातिगत पहचान से अलग छुआछूत जैसी कुरीतियों को पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने सनातन समाज के लोगों से एक-दूसरे का सम्मान करने और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उनके संदेश में सामाजिक समरसता और परस्पर सम्मान को विशेष महत्व दिया गया।

सुबह मुख्य बाजारों से निकली यात्रा

टीकमगढ़ में रात्रि विश्राम और दिव्य दरबार के आयोजन के बाद गुरुवार की सुबह सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा नगर के मुख्य बाजारों से होकर आगे बढ़ी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। इसके बाद यात्रा जतारा और पलेरा होते हुए छतरपुर मार्ग की ओर रवाना हो गई। पांच दिनों में पांच जिलों से गुजरने वाली इस यात्रा के माध्यम से आयोजकों ने सनातन धर्म के प्रति जागरूकता, हिंदू समाज की एकता, सामाजिक समरसता और कुरीतियों के उन्मूलन का संदेश देने का प्रयास किया।

गरबा पंडालों में प्रवेश को लेकर दिया सुझाव

नवरात्र के दौरान गरबा आयोजनों में प्रवेश व्यवस्था का उल्लेख करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि गरबा पंडालों के मुख्य द्वार पर भगवान विष्णु के वराह अवतार की प्रतिमा स्थापित की जाए और प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति से प्रतिमा को प्रणाम कराया जाए। उनके अनुसार, इस तरीके से गैर-हिंदुओं के प्रवेश को रोकने में मदद मिल सकती है। गरबा आयोजनों में प्रवेश को लेकर दिया गया उनका यह सुझाव कार्यक्रम के दौरान चर्चा का विषय रहा।

कांग्रेसी पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

ऑडिटोरियम भूमि पूजन में सीएमओ की गैरमौजूदगी पर मचा बवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

नगर पालिका में ऑडिटोरियम निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया की गैरमौजूदगी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गुरुवार को कांग्रेस के पार्षदों ने एकजुट होकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा और उन पर विधायक के प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। पार्षदों ने सीएमओ से मीडिया के सामने अपनी गलती स्वीकार करने की मांग की है।

वहीं, सीएमओ ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्हें कार्यक्रम निरस्त होने की जानकारी थी और यह आयोजन नगर पालिका की ओर से नहीं किया गया था। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद अनीस अहमद ने बताया कि 14 अक्टूबर को दोपहर एक से दो बजे के बीच विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और कांग्रेस पार्षद नगर पालिका कार्यालय के पीछे तथा सीएमओ निवास के सामने ऑडिटोरियम निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने पहुंचे थे। पार्षदों का आरोप है कि कार्यक्रम की पूर्व सूचना होने के बावजूद सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया इसमें शामिल नहीं हुए, जिसे उन्होंने विधायक के प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया।

कांग्रेसी पार्षदों का आरोप है कि जब सीएमओ के सरकारी निवास के सामने भूमि पूजन का कार्यक्रम चल रहा था, उसी दौरान वे अपने घर से निकले और बिना कार्यक्रम में शामिल हुए सीधे अपनी गाड़ी से नगर पालिका कार्यालय चले गए। पार्षदों ने उनके इस व्यवहार को आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के कार्यक्रमों में अधिकारियों की उपस्थिति और निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए। इसी मुद्दे को लेकर पार्षदों ने सीएमओ से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। सीएमओ को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस पार्षदों ने उल्लेख किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार अधिकारियों को विधायक के प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सीएमओ मीडिया के सामने आकर अपनी गलती स्वीकार करें। साथ ही चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो उनके विरुद्ध आगे की कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई कराने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

पूरे मामले पर सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि भूमि पूजन का कार्यक्रम नगर पालिका की ओर से आयोजित नहीं किया गया था। उनके अनुसार, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पत्र जारी कर छह जुलाई को ही भूमि पूजन हो जाने का उल्लेख करते हुए कार्यक्रम निरस्त करने के निर्देश दिए थे। सीएमओ ने कहा कि इसी कारण उन्हें कार्यक्रम निरस्त होने की जानकारी थी। ऐसे में 14 अक्टूबर को क्या कार्यक्रम हुआ, इस संबंध में वह कुछ नहीं कह सकते। इस दौरान कांग्रेस पार्षद अरविंद रजक, सीता देवी कुशवाहा, रामकुमार यादव, देवीलाल अहिरवार, मोना जैन, जसवंत वाल्मीकि, पार्षद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश मिश्रा, ध्रुव यादव और फरीद खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। फिलहाल, इस मामले में कांग्रेस पार्षदों के आरोपों और सीएमओ के स्पष्टीकरण के बाद विवाद सामने आया है।

श्रद्धालुओं ने किए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दर्शन

सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा का पलेरा में स्वागत हुई फूलों की वर्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

देश और समाज में एकता, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर निकाली जा रही बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा का पलेरा नगर में स्वागत किया गया। यात्रा के नगर में पहुंचते ही श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने बाबा बागेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह स्वागत किया गया और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

यात्रा के स्वागत में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा की अगुवाई प्रमुख रूप से सामने आई। उनके नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने थाना तिराहा पर विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान जेसीबी मशीन के माध्यम से पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर पुष्पवर्षा की गई। फूलों की वर्षा के बीच यात्रा का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। श्रद्धालुओं में बाबा बागेश्वर के दर्शन करने और उनके संदेश को सुनने के प्रति खासा उत्साह दिखाई दिया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में धार्मिक उल्लास और उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस भव्य स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा के साथ मंत्री तेज खां, अंशुल तिवारी खजरी, नीलू सोनकिया, अनुज पाठक, आनंद मिश्रा, आयुष तिवारी, रोहित नायक, निखिल पाठक, किशोरी चौरसिया, कल्पना राजपूत, मोनू राय, राज चौरसिया और अंकित गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों का योगदान रहा। रथ यात्रा के दौरान पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने समाज में जातिगत भेदभाव को समाप्त कर आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने सनातन समाज को आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुट रहने का संदेश दिया। यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देना बताया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनके संदेश का समर्थन करते हुए सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। पलेरा थाना प्रभारी प्रीति भार्गव के नेतृत्व में पुलिस बल ने व्यवस्थाओं पर नजर रखी, जिससे यात्रा का आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बीच प्रशासन की सतर्कता से नगर में यात्रा के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिली।

तकनीकी मॉडल, प्रोटोटाइप प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी ज्ञान और नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में जिला स्तरीय तकनीकी मॉडल एवं प्रोटोटाइप प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न तकनीकी संस्थानों और विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए गए मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने नए विचारों और तकनीकी संभावनाओं को सामने रखा।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरपी शांडिल्य के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जतारा, जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपने तकनीकी मॉडल और प्रोटोटाइप प्रस्तुत कर नवाचार के प्रति अपनी रुचि और व्यावहारिक ज्ञान का परिचय दिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में नए प्रयोग करने, रचनात्मक सोच विकसित करने और अपने विचारों को व्यावहारिक स्वरूप देने के लिए प्रोत्साहित करना था। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और तकनीकी शिक्षा के जरिए भविष्य में नए अवसर तलाशने का मंच मिलता है। साथ ही, उनमें समस्या समाधान, वैज्ञानिक सोच और नवाचार के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों की सहभागिता और तकनीकी गतिविधियों के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान की नोडल अधिकारी सुभ्रता त्रिपाठी, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरपी शांडिल्य, सुनील विश्वकर्मा, दीपक खम्परिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बांटे प्रमाणपत्र, सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिता

पीएम पोषण योजना में सामाजिक अंकेक्षण प्रशिक्षण व रक्तदान

जिपं सीईओ ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



टीकमगढ़। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में सामाजिक अंकेक्षण कार्य को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में ग्राम सामाजिक प्रेरकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण में सामाजिक अंकेक्षण एवं सत्यापन कार्य से जुड़े ग्राम सामाजिक प्रेरकों को आवश्यक दिशा-निर्देश और प्रक्रिया संबंधी जानकारी दी गई। वहीं, सेवा संकल्प अभियान के तहत सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें 12 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़ ने प्रशिक्षण के दौरान ग्राम सामाजिक प्रेरकों को सामाजिक अंकेक्षण एवं सत्यापन का कार्य गंभीरता, पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुरूप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सत्यापन के दौरान विद्यार्थियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाए और तथ्यों के आधार पर ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य योजना के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत बनाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़ के निर्देशन एवं जिला समन्वयक कपिल जैन के प्रोत्साहन से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नवाचार के रूप में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल में दो विकासखंड समन्वयकों और 10 ग्राम सामाजिक प्रेरकों सहित कुल 12 लोगों ने रक्तदान कर सामाजिक सेवा का संदेश दिया।

एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार, कोतवाली पुलिस ने धारा 352 के तहत कार्रवाई की शुरू

आदतन आरोपी से मिली गोली मारने की धमकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

रुपये के लेनदेन को लेकर एक आदतन आरोपी द्वारा एक परिवार को जान से मारने की धमकी दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। जिसमें पीड़ित पक्ष ने उक्त आरोप लगाते हुए आवेदन देकर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल से सुरक्षा की गुहार लगाई है। जिसके बाद एसपी अग्रवाल के तत्काल संज्ञान लेने पर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही भी की गई। ग्राम पहाड़ी तिलवारन निवासी सुरेश कुमार लुहार ने अपने ही गांव के रविन्द्र यादव, पुत्र हल्काई यादव के विरुद्ध आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उसे और उसके परिवार को लगातार धमकियों के कारण भय के माहौल में रहना पड़ रहा है।

पीड़ित सुरेश का कहना है कि आरोपी रविंद्र यादव के विरुद्ध पहले से लगभग 10 से 15 आपराधिक प्रकरण विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं, इसके बावजूद उसे कानून का भय नहीं है। पीड़ित सुरेश ने आरोपी रविंद्र पर 315 बोर का कट्टा रखने और रुपये नहीं देने पर गोली मारकर जान से खत्म करने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। पुलिस अधीक्षक अग्रवाल को सौंपे गए आवेदन में पीड़ित सुरेश कुमार लुहार ने आरोपी रविंद्र के कथित आपराधिक इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि उसके विरुद्ध पूर्व में अस्तौन चौकी पुलिस पर जानलेवा हमला करने से संबंधित मामला दर्ज हुआ था, जो अभी टीकमगढ़ न्यायालय में विचाराधीन बताया गया है। इसके अलावा पीड़ित सुरेश ने आरोपी रविंद्र के खिलाफ विभिन्न न्यायालयों में करीब 10 से 15 गंभीर आपराधिक प्रकरण लंबित होने और जिला बदर रहने की बात कही है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी रविंद्र के विरुद्ध थाना महरौनी में एक दलित महिला से दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था, जो जिला न्यायालय ललितपुर, उत्तर प्रदेश में विचाराधीन बताया गया है। पीड़ित सुरेश का आरोप है कि आरोपी रविंद्र के कथित आपराधिक इतिहास और धमकी भरे व्यवहार के चलते उसका परिवार भयभीत है। परिवार को आशंका है कि यदि आरोपी रविन्द्र के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो कोई गंभीर घटना हो सकती है। आवेदन में कहा गया है कि आरोपी रविन्द्र कथित तौर पर अपने पास 315 बोर का कट्टा रखता है और इसी के बल पर परिवार को डराने की कोशिश कर रहा है।

50 हजार के एवज में डेढ़ लाख लेने के बाद अब मांग रहा 5 लाख



पीड़ित सुरेश कुमार लुहार ने आवेदन में रुपये के लेनदेन को लेकर भी आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी रविंद्र ने उसके बेटे टिक्कल झां को 50 हजार रुपये उधार दिए थे और करीब दो महीने बाद ब्याज सहित डेढ़ लाख रुपये आरोपी रविंद्र ने वापस भी ले लिये थे। लेकिन अब आरोपी रविंद्र द्वारा डेढ़ लाख रुपये उधार दिए जाने की झूठी बात कहकर 4 माह बाद 5 लाख रूपये की मांग कर रहा है और धमकी देकर दबाब बना रहा है। एसपी के नाम दिए आवेदन के मुताबिक, 14 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजकर 16 मिनट पर आरोपी रविंद्र ने अपने मोबाइल से फोन कर पीड़ित सुरेश से बात की। पीड़ित सुरेश का आरोप है कि बातचीत के दौरान पांच लाख रुपये की मांग की गई और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित सुरेश का कहना है कि आरोपी रविंद्र ने 315 बोर के कट्टे से गोली मारकर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार, इस बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल में सुरक्षित है, जिसे जांच के दौरान पुलिस को उपलब्ध कराया जा सकता है।

पीड़ित परिवार को सता रहा अनहोनी का डर

पीड़ित सुरेश ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उसका बेटा टिक्कल झां करीब डेढ़ महीने से घर पर नहीं है। परिवार पहले से ही कथित धमकियों के कारण चिंतित है और बेटे की सुरक्षा को लेकर भी आशंकित है। पीड़ित सुरेश कुमार लुहार का कहना है कि परिवार के सदस्यों में इतना भय व्याप्त है कि घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो रहा है। उसने आशंका जताई है कि आरोपी रविंद्र द्वारा उसके बेटे अथवा परिवार के किसी अन्य सदस्य के साथ कोई गंभीर वारदात घटित की जा सकती है। आवेदन में पीड़ित सुरेश ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि उसके परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और आरोपी रविन्द्र यादव के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। मामले में पीड़ित परिवार ने जब पुलिस अधीक्षक अग्रवाल को आवेदन सौंपकर अपनी पीड़ा, कथित धमकियों और जान-माल की सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त की, तो पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी रविन्द्र यादव के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 352 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद हुई इस कार्रवाई से पीड़ित परिवार को अपनी शिकायत पर सुनवाई और न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

घोष की थाप पर स्वयंसेवक मिलाएंगे कदम ताल,जगाएंगे देशभक्ति का भाव

जिलेभर में पथ संचलन निकालकर संघ करेगा अपनी शक्ति का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इन दिनों शताब्दी वर्ष मनाना रहा है। जिसके चलते विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संघ एक बार फिर शहर समेत जिलेभर में पथ संचलन निकालकर अपनी शक्ति का प्रदशन करेगा। पथ संचलन के दौरान जिलेभर के स्वयंसेवक अपने अपने स्थानों पर पथ संचलन निकालकर जहां घोष की थाप पर कदम ताल मिलाएंगे,वहीं देश भक्ति का भाव भी जगाएंगे।

खास बात यह है कि जिलेभर में निकाले जाने वाले पथ संचलन शताब्दी वर्ष का अंतिम कार्यक्रम है। इसके साथही शताब्दी वर्ष का समापन हो जाएगा। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक इन पथ संचलनो के दौरान स्वयंसेवको की अधिक से अधिक संख्या दिखाने के लिए पूरा जोर लगा रहा है। जिसके चलते संघ के जिले से लेकर खंड और मंडल स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पथ संचलन की तैयारियां में जुटे हुए है। यह संचलन शहर श्योपुर में जहां बस्तीवार निकाले जाएंगे। वहीं जिले में मंडल स्तर पर यह पथ संचलन निकाले जाएंगे। वैसे तो यह पथ संचलन 20 अक्टूबर दशहरे के दिन से निकाले जाएंगे,लेकिन पथ संचलनो की औपचारिक शुरूआत 18 अक्टूबर को कोमुदी पथ संचलन निकाले जाने के साथ हो जाएगी।


फाइल फोटो

18 को शहर में निकलेगा कोमुदी पथ संचलन

संकल्प संघ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शहर श्योपुर में कोमुदी पथ संचलन 18 अक्टूबर को रात्रि के दौरान निकाला जाएगा। इसके लिए शहर के सभी स्वयंसेवको का एकत्रीकरण शाम 6 बजे शहर के श्री हजारेश्वर पार्क में होगा। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद यहां से पथ संचलन शुरू होगा। घोष के साथ निकलने वाला यह पथ संचलन शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगा। लोगो में देश भक्ति का भाव जगाते हुए यह पथ संचलन शहर के प्रमुख मार्गो से होकर वापस श्री हजारेश्वर पार्क में आकर सम्पन्न होगा।

पथ संचलन के आयोजन के साथ होगा शताब्दी वर्ष का समापन

आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष का इस साल पथ संचलन के आयोजन सम्पन्न होने के साथ समापन हो जाएगा। बता दे कि पिछले साल विजयादशमी से संघ शताब्दी वर्ष शुरू हुआ था। इस दौरान संघ के द्वारा वर्षभर के दौरान पथ संचलन, हिंदू सम्मेलन, शाखा संगम सहित अन्य कई कार्यक्रम आयोजत किए गए थे। 20 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक जिले में निकलने वाले पथ संचलन शताब्दी वर्ष के अंतिम कार्यक्रम है। इसके साथही शताब्दी वर्ष का समापन हो जाएगा।

शहर में बस्तीवार निकालेंगे संचलन

कोमुदी पथ संचलन निकाले जाने के बाद 20 अक्टूबर से जिलेभर में पथ संचलन निकाले जाने का दौर शुरू हो जाएगा और 10 दिन के भीतर पूरे जिले में पथ संचलन निकाले जाएंगे। बताया गया है कि शहर श्योपुर में अलग अलग बस्तीवार नौ पथ संचलन निकाले जाएंगे। बता दे कि संघ ने शहर श्योपुर को नौ बस्तियों में विभाजित कर रखा है। जिनमें बाल्मीकि बस्ती,महावीर बस्ती, हनुमान बस्ती, गुरूगोविंद सिंह बस्ती, विवेकानंद बस्ती, अंबेडकर बस्ती, कबीर बस्ती, गणेश बस्ती,रविदास बस्ती शामिल है।इसलिए यह पथ संचलन भी बस्तीवार निकाले जाएंगे।

जिले में यहां निकालेंगे पथ संचलन

शहर में जहां बस्तीवार पथ संचलन निकाले जाएंगे,वहीं जिले में मंडल बार पथ संचलनो का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि जिले में जिन स्थानों पर यह पथ संचलन निकाले जाएंगे,उनमें बडौदा, राजपुरा, आवदा, पांडोला, प्रेमसर, अजापुरा, तुलसेफ, सोईकलां,दांतरदा, मानपुर, ढोढर, ददूनी, कराहल, सेसईपुरा, बरगवां, वीरपुर, रघुनाथपुर, विजयपुर, इकलौद, अगरा, गसवानी शामिल है।

दिशा बोध शिविर के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने कराया भ्रमण

सरस्वती शिशु मंदिर के भैया, बहनों ने किया मेडिकल कॉलेज और रेलवे स्टेशन का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु, विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्योपुर में तीन दिवसीय दिशा बोध शिविर के दूसरे दिन विद्यालय प्रबंधन के द्वारा विद्यालय के भैया-बहिनों को श्योपुर मेडिकल कॉलेज एवं रेलवे स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तथा रेलवे की कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उनके व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यवस्थाओं को समझा तथा अपने ज्ञान और अनुभव को समृद्ध किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बालगिरी गोस्वामी, वरिष्ठ आचार्य महावीर गौड़, भगवानलाल शर्मा, हरिवल्लभ शर्मा एवं हेमलता बाजपेयी दीदी उपस्थित रहीं। विद्यालय प्राचार्य बालगिरी गोस्वामी ने बताया कि दिशा बोध शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक जीवन की गतिविधियों का अनुभव प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनमें जिज्ञासा, जागरूकता एवं व्यावहारिक समझ का विकास हो सके।

शासकीय संस्थाओं व परिसंपत्तियों का निरीक्षण भी करेंगे अधिकारी

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत अगरा में जनसंवाद कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत 16 अक्टूबर को विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम अगरा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम से पूर्व पूर्व अधिकारियों द्वारा कलस्टर क्षेत्र के ग्रामों में शासकीय संस्थाओं एवं परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया जायेगा। जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अगरा सहित अरोंद, चेटीखेडा, देहरी, धोरेरा, डोडरीखुर्द, डोडरीकलां, कदवई, किशनपुरा, मगरदेह, पिपरवास, उमरीकलां, बांगरोद एवं धामिनी शामिल रहेंगे। इस अभियान के दौरान क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम लोगों की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा तथा शासकीय योजनाओं की निगरानी के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में शेष पात्र लोगों को लाभ देने की कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत लगने जा रहे शिविर- जनसंवाद कार्यक्रम में भ्रमण क्षेत्र की लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जायेगा तथा लोक सेवा गारंटी के अधिनियम के अंतर्गत दर्ज भ्रमण क्षेत्र के लंबित प्रकरण भी निराकृत होंगे। इसके साथ ही अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बटवारा के लंबित प्रकरण भी निराकृत किये जायेगे। ई-केवायसी शिविर व आयुष्मान कार्ड शिविर भी लगाए जाएंगे।

नाबालिग से छेड़छाड़ के दो दोषियों को चार-चार साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नाबालिग बालिका से छेडछाड के एक साल पुराने मामले में श्योपुर की विशेष न्यायाधीश (पास्को एक्ट) बबीता होरा शर्मा की अदालत ने फैसला सुनाते हुए दो दोषियों को 4-4 साल के सश्रम कारावास की सजा सुना दी। साथही 10-10 हजार रूपए का जुर्माना भी किया गया। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाली अतिरिक्त सहायक निदेशक श्योपुर प्रतिभा उमरैया ने बताया कि यह मामला शहर श्योपुर का है। 1 दिसंबर 2025 को जब पीडित नाबालिग छात्रा अपनी सहेलिया के साथ बायपास रोड क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी बाइक पर सवार होकर आए दो आरोपियों ने उसके साथ छेडछाड कर दी। इस मामल में महिला थाना पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपी विक्रम पुत्र रामरूप मीणा निवासी ढोटी तथा कार्तिक पुत्र जगदीश मीणा निवासी मेवाडा के खिलाफ छेडछाड और पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने दोनो आरोपियों को दोषी मानते हुए उन्हें 4-4 साल के सश्रम कारावास और 10-10 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी।

आवदा पुलिस ने दबोचे तीन केबल चोर



श्योपुर। आवदा थाना पुलिस ने तीन केबल चोरो को अरेस्ट करके उनके कब्जे से 195 फीट चोरी की केबल बरामद की है। आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि नरेन्द्र सिंह पुत्र भंवर सिंह जाट निवासी सूसवाडा ने केबल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए तीन केबल चोरो सत्यप्रकाश उर्फ सतू उर्फ कतन्नी पुत्र धन्नालाल आदिवासी निवासी हलगांवड़ा खुर्द, नरेन्द्र उर्फ काडू पुत्र बंशीलाल सुमन निवासी वार्ड नं. 05 रतोधन रोड़ बड़ौदा, शिवराज उर्फ शिवराम पुत्र गोपाल सिंह जाट निवासी सूसवाडा को अरेस्ट कर उनके कब्जे से 195 फीट केबल कीमत 18000 रूपए जब्त कर आरोपियो को न्यायालय में पेश कर दिया।

200 किसानों को बीज का वितरण



श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत सफलता की बात, किसान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तिलहन मिशन अंतर्गत 200 किसानों को निशुल्क बीज का वितरण भी किया गया।कृषि विकासखण्ड कार्यालय श्योपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कृषकों को फसल बीमा योजना की जानकारी प्रदाय की गई और कृषकों को अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विभाग अंतर्गत विभागीय योजना तिलहन मिशन में 200 किसानों को निशुल्क बीज का वितरण किया गया है। इस अवसर पर उप संचालक कृषि आर.के. सिंह, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.ख. श्योपुर शरद रघुवंशी, कृषि विस्तांर अधिकारी पुष्पेन्द्र लोधी, जिला प्रतिनिधि ए.आई.सी. बीमा कंपनी रवि अटल एवं कृषकगण उपस्थित रहें।

विभिन्न समस्याओं को लेकर कॉलेज में भूख हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पीएम एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज श्योपुर में छात्र संगठनों को कार्यक्रम की अनुमति देने में कथित भेदभाव, प्राचार्य का इस्तीफा मांगने सहित छात्रो की विभिन्न समस्याओ को लेकर छात्र नेता अभिषेक मीणा बमोरी और उनके साथी सौरभ ने गुरूवार को कॉलेज परिसर में भूख हडताल शुरू कर दी है।

अपने समर्थको के साथ भूख हडताल पर बैठे छात्र नेता अभिषेक मीणा बमोरी ने बताया कि जब वे कॉलेज में कार्यक्रम की अनुमति मांगने पहुंचे, तब उनके साथ कथित तौर पर अपमानजनक व्यवहार किया गया और कॉलेज प्रबंधन के द्वारा कहा गया कि कॉलेज में किसी भी छात्र संगठन को कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, लेकिन आज कॉलेज परिसर में एबीवीपी के कार्यक्रम के लिए टेंट लगा हुआ दिखाई दिया। उन्होने कहा कि यदि कॉलेज प्रशासन किसी भी संगठन को कार्यक्रम की अनुमति नहीं देने की बात करता है, तो यह नियम सभी संगठनों पर समान रूप से लागू होना चाहिए। किसी भी छात्र संगठन के साथ भेदभाव या अपमानजनक व्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आज गौतम धर्मशाला में होगा डांडिया

श्योपुर। शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में इन दिनों शहर समेत जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में शहर के किला रोड स्थित गौतम ब्राह्मण धर्मशाला में 16 अक्टूबर शुक्रवार को डांडिया का आयोजन किया जाएगा। गौतम ब्राह्मण समाज महिला मंडल एवं युवती मंडल श्योपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गौतम ब्राह्मण महिला मंडल की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि 16 अक्टूबर शुक्रवार को यह कार्यक्रम सायं 6:30 बजे से आयोजित होगा। माताराणी की विधिवत पूजा अर्चना के साथ आरंभ होने वाला यह कार्यक्रम रात्रि करीब दस बजे तक आयोजित होगा। महिला मंडल ने गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर के सभी नागरिको से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

'अग्निशिखा युवती सम्मेलन' का आयोजन

समाज और राष्ट्र की प्रगति में युवतियां की महत्वपूर्ण भूमिका:नेहा सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जिला श्योपुर के तत्वावधान में युवतियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'अग्निशिखा युवती सम्मेलन' कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थी परिषद् की प्रांत सहमंत्री कविता खटीक, मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद् की जिला समन्वक नेहा सिंह तथा जिला छात्रा प्रमुख मीनाक्षी सिसोदिया, नगर छात्रा प्रमुख नूपुर श्रीवास्तव मंच पर मौजूद थी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कविता खटीक ने राष्ट्रीय सवयंसेवक सेवक के पंच परिवर्तन पर विचार रखते हुए समाज के लोगो को इसे अपनाए जाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि नेहा सिंह ने कहा कि युवतियां समाज और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आज आवश्यकता है कि युवतियां अपनी प्रतिभा, सामर्थ्य और नेतृत्व क्षमता को पहचानें तथा शिक्षा एवं संस्कारों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम में मौजूद युवतियो को समाजहित एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का भी संकल्प दिलवाया गया। कार्यक्रम कल्पना गौर , कविता जादौन , रेशमा जाटव , कोमल जाटव, अनन्य शर्मा आदि छात्रा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

जंगल सफाई से बढ़ेगी सड़कों की चौड़ाई,कम होगा हादसों का खतरा

हरकत में आए विभागीय अफसर,सड़क किनारे उगे जंगल की कटाई का शुरू करवाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के विभिन्न सडक मार्गो पर सड़क किनारे बबूल और कांटेदार झाड़ियां के रूप में उगा जंगल, अब सडक से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण नहीं बनेगा। क्योंकि इस मामले को लेकर हरिभूमि में छपी खबर के बाद हरकत में आए विभागीय अधिकारियों ने सडक किनारे उगे इस जंगल को काटने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत लोक निर्माण विभाग का अमला गुरूवार को श्योपुर कोटा मार्ग किनारे उगे जंगल की कटाई करता हुआ नजर आया। बताया जा रहा है कि संबंधित विभागीय अमला श्योपुर कोटा सडक मार्ग के बाद अब जिले के ग्रामीण क्षेत्र के सडक मार्गो पर इसी तरह जंगल की कटाई करने का काम करेगा। जिसकारण जंगल उगने से सकरे हुई सडको की न सिर्फ चौडाई बढ जाएगी,बल्कि सडक दुर्घटनाओं का खतरा भी कम हो जाएगा।

बता दें कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर पक्की सडकों का निर्माण लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के द्वारा कराया गया है। इन सडको के देखरेख की तरफ विभागीय अमले के द्वारा काफी समय से ध्यान नहीं दिया गया जिसकारण कई सडको के किनारे इस समय बबूल के पेड और कांटेदार झांडिया उग आई है। बबूल के पेड और कांटेदार झाडियों के उगने से सडके सकरी हो गई है जो इन सडको से गुजरने वाले वाहन चालकों खासकर बाइक चालको के लिए सबसे अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। इनस्थितियों के कारण कई बार इन सडकों पर सडक हादसे भी घटित हो चुके है जिनमें लोगो की जान तक जा चुकी है। इस मामले को लेकर सरपंच संगठन ने भी कलेक्टर शीला दाहिमा से मुलाकात करते हुए उन्हें पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि सडक किनारे उगी झाड़ियां न केवल दुर्घटना का कारण बन रही हैं बल्कि रात के समय दृश्यता और भी कम हो जाने से ग्रामीण क्षेत्र की कई सड़कों पर आवागमन करना बेहद जोखिम भरा हो गया है। इसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय अधिकारी बारिश के बाद सडक किनारे उगे जंगल की कटाई का कार्य शुरू कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा जिले में बनाई गई सभी सडको पर जंगल सफाई का कार्य किया जाएगा।





हरिभूमि ने उठाया मामला,हरकत में आया विभागीय अमला



इस मामले को सरपंच संगठन ने जहां कलेक्टर शीला दाहिमा के समक्ष उठाते हुए उन्हें पत्र सौंपा। इसके बाद कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियो को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने और इस मामले को टीएल में शामिल करने के निर्देश दिए। वहीं हरिभूमि समाचार पत्र ने भी जनहित से जुडे इस मुद्दे को उठाते हुए 14 अक्टूबर के अंक में एक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की। जिसके बाद सडको का निर्माण करने वाले विभागीय अधिकारी हरकत में आ गए और उन्होने तत्काल अमले को सक्रिय करते हुए सडक किनारे उगे जंगल की कटाई शुरू करवा दी है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा जिले में बनाई गई सभी सडको पर जंगल सफाई का कार्य किया जाएगा।

ग्राम पंचायत कब लेगी मुक्तिधाम के रास्ते की सुध

सड़को का निर्माण करने वाले विभागीय अमले ने सड़को की सुध लेते हुए जंगल कटाई का कार्य शुरू कर दिया है। लेकिन अब ग्राम पंचायत मानपुर स्थानीय मुक्तिधाम के रास्ते की सुध कब लेगी,इसको लेकर ग्राम मानपुर के ग्रामीण सवाल उठा रहे है। क्योंकि मानपुर में मुक्तिधाम की तरफ जो रास्ता जाता है,उस रास्ते के दोनो तरफ कांटेदार झाडिया काफी उग आई है। जिससे मुक्तिधाम का यह रास्ता काफी सकरा हो गया है, जो अंतिम यात्रा के साथ मुक्तिधाम पहुंचने वाले ग्रामीणो के लिए खासी असुविधा का कारण बन रहा है। इसलिए ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से मुक्तिधाम के इस रास्ते पर उगी कांटेदार झाडियों की कटाई करवाए जाने की मांग उठाई है।

इनका कहना..

बारिश के उपरांत सडक मार्गो के किनारे उगे जंगल की कटाई का काम शुरू करवा दिया गया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बनी सडकों को भी दिखवाते हुए वहां भी जंगल कटाई का काम करवाया जाएगा।

अनिल पटेल
प्रभारी ईई, लोक निर्माण विभाग,श्योपुर

जंगल की सफाई की तरफ ध्यान नहीं दे रहे थे।

किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भारतीय किसान संघ ने जिले के किसानों की बिजली,पानी,खाद तथा केबल चोरी की घटनाओ को लेकर गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रशासन को दिया। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चैधरी की अगुवाई में दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में धान की फसल के साथ साथ सरसों के पलेवे के लिए पानी की आवश्यकता बनी हुई है। लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही के कारण किसानो को बिजली नहीं मिल पा रही है। क्योंकि बिजली विभाग बार बार कटौती कर रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि किसान को पूरे 10 घंटे बिजली देने के साथ ही नहर में पानी छुडवाए जाने, कृषि उपज मंडी की अव्यवस्थाओं को दूर करने,केबल चोरी की वारदातो को लगाम लगाए जाने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। ज्ञापन सौपने के दौरान मूलचंद मीणा, भरत सिंह जाट, अशोक आर्य, रामवतार मीणा, लक्ष्मण मीणा, गोविंद जाट, अजय शर्मा, रमेश मीणा आदि कई किसान मौजूद थे।

खबर संक्षेप

युवा उत्सव कार्यक्रम 28 अक्टूबर को

अशोकनगर। संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सांस्कृतिक युवा उत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 28 अक्टूबर को रघुवंशी धर्मशाला वायपास रोड अशोकनगर में किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर यह आयोजन 5 विधाओं समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड नाटक की विद्याओं में संचालनालय से प्रदत्त गाइड लाइन अनुसार किया जाना है। वह युवा जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष (17 अगस्त 2026 की स्थिति में) हो इस आयोजन में सहभागिता कर सकते हैं। इस हेतु आवेदक को माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन एवं ऑफलाईन आवेदन पत्र में जन्म प्रमाण पत्र/10 वीं अंकसूची, आधार कार्ड, 01 पासपोर्ट फोटो आदि संलग्न कर आयोजन से पूर्व कार्यालय में जमा कराकर भाग ले सकेंगे। संस्था को अपने प्रतिभागियों की सूची समस्त आवेदनों एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग में आयोजन से पूर्व जमा कराना आवश्यक होगी। एक प्रतिभागी केवल 1 विद्या में भाग ले सकते हैं। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को संभाग और संभाग पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर प्रतिभागिता हेतु भेजा जाएगा। राज्य स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैःघरा कॉलोनी अशोकनगर निवासी मेवाबाई विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोपाल विश्वकर्मा ने उससे मारपीट की। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौला निवासी कप्तान सपेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैजनाथ सपेरा ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कडराना निवासी पवन कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देवेन्द्र यादव ने पुरानी रंजिस पर से उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोरिया थाना ईन्दार जिला शिवपुरी निवासी शीलकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आनंद लोधी ने फरियादी के लड़के आर्यन उम्र 4 साल की मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुंगासरा निवासी पिंकी कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोलू और जगदीश कुशवाह ने उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गोलू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संतोष, भूरा, पिंकी और गोलू कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ज्ञानपुर गुरैया निवासी मुन्नालाल केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि संतोष और गोलू केवट ने उससे मारपीट की। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झांसाखेडी निवासी चिमनलाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शोभाराम, बलबहादुर अनरतसिंह और चैनसिंह कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के महिला थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढौरा निवासी रीना साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विनोद और उर्मिला साहू ने उससे मारपीट की।

अवैध शराब के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की मुंगावली पुलिस ने मीरकाबाद निवासी किशन बागी के पास से 8 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ़ पुलिस ने ग्राम डेगा मोचार निवासी गुरूप्रीत भुल्लर के पास से 5 लीटर और सुखचैन भुल्लर के पास भी 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की शाढ़ौरा पुलिस ने चिरौली चक्क निवासी भूरिया बाई और म्यापुर निवासी तोरन सिंह प्रजापति के पास से 5-5 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

माता रानी की झांकियों में हर रोज हो रहे आरती के बड़े आयोजन

नवरात्रि पर्व पर लगी झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र, सड़कों पर जन सैलाब उतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शक्ति और सम्पन्नता की देवी का यह पर्व अशोकनगर की धार्मिक परम्पराओं का एक सबसे बड़ा उत्सव है। शहर के सभी चौराहे और गली मोहल्ले देवी मां की झांकी के दरबार सजे हैं। यहां झांकियों में देवी मां के विभिन्न स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। सुबह और शाम दोनों समय आरती के आयोजन हो रहे हैं। झांकियां खुलने के बाद देर रात तक शहर में अदभुत नजारा देखने को मिलता है।

शहर में लगने वाली यह झांकियां अब नए एक इतिहास की ओर बढ़ती जा रही हैं। अनेक झांकियां एक ही स्थान पर वर्षों से लगती आ रही हैं। इन झांकियों में माता रानी की प्रतिमाओं को नया स्वरूप प्रदान किया गया है। झांकी को जितने भी पीठ स्थल माता रानी के उनका स्वरूप भी दिया गया है। यह झांकियां शहर से लेकर गांव तक आकर्षण का केन्द्र बनी हैं। रात 9 बजे के बाद शहर में उत्सव का माहौल नजर आता है। सड़कों पर चल पाना मुश्किल है। भीड़ इतनी है कि सड़कों सिर्फ भीड़ का रेला नजर आ रहा है। झांकी स्थलों पर माता के जयकारे गूंज रहे हैं। आने जाने वालों को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। पूरे शहर के चैराहे और झांकी स्थल आकर्षक विधुत से जगमगा रहे हैं। शाम को होने वाली देवी मां की आरती का नजारा देखने लायक तो होता ही है, सुबह के समय भी देवी मां की झांकी में आरती की जाती है। ढोल और गाजे बाजों के साथ होने वाली यह आरती और मांता के गूंजते जयकारे श्रृद्धालुओं में अपार उत्साह का संचार कर रहे हैं।



झांकियों में प्रतिदिन हो रहा माता का आकर्षक श्रृंगार

प्रतिदिन माता का झांकियों में श्रृंगार किया जा रहा है। इन झांकियों में सभी स्थानों पर देवी मां की प्रतिमाएं अलग अलग तरह की हैं। कई झांकियों में नया स्वरूप देखने को भी मिल रहा है। इन झांकियों को तैयार कर करने में झांकी आयोजकों द्वारा कई दिन पहले से तैयारियां प्रारम्भ करना पड़ती हैं, तब जाकर झांकिया अपने स्वरूप में आ पाती हैं। इन झांकियों में देवी मां अलग अलग स्वरूपों में तो विराजी हैं, ही साथ में माता के दर्शनों के आने वाले भक्तों में भी अपार श्रृद्धा देखी जा रही है, अनेक श्रृद्धालु माता के दरबार में कई घंटे खड़े होकर उन्हें निहारते रहते हैं।

माता को पहनाए 60 लाख के जेवर, 4 पुलिसकर्मी सुरक्षा में लगे



अशोकनगर में जिंद बाबा समिति की झांकी पिछले 37 वर्षों से आयोजित होती आ रही है, इस बार झांकी का यह 38वां वर्ष है। इस झांकी का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है लेकिन समिति में सभी सदस्यों का समर्पण देखने के लायक रहता है। महेन्द्र भारद्वाज के संयोजन में यह झांकी 38 वर्ष से लगातार चलती आ रही है। इस बार यह प्रतिमा सागर शहर से लाई गई है। प्रतिमा निर्माण करने वाले मूर्ति कलाकारों ने न्यौछाबर राशि के रूप में दो लाख रूपए लिए हैं। माता की इस झांकी को केदारनाथ धाम का स्वरूप प्रदान किया गया है। माता को 60 लाख रूपए के गहने पहनाए गए हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए 4 पुलिस सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं जो 6-6 घंटे के अतंर से यहा माता की सुरक्षा कर रहे हैं। यह झांकी शहर की सबसे पुरानी झांकियों में से एक है। इस झांकी में माता को जो जेवर पहनाए गए हैं वह सोने और चांदी के जेवर हैं। प्रतिमा वसिर्जन से पहले इन जेवरों की नीलामी की जाएगी कोई भी श्रृद्धालु इन जेवरों को माता के प्रसाद के रूप में मूल्य के अनुसार इन जेवरों को ले सकता है।

नवचेतना मंच की झांकी में काली माता का दरबार सजा

इंद्रा पार्क पर देवी मां के स्वरूप काली माता का दरबार सजाया गया है। यहां झांकी वर्षों से लगती चली आ रही है। इस झांकी में काली माता का साक्षात स्वरूप नजर आता है। देवी मां के दर्शन कर श्रृद्धालु एक असीम आनंद की अनुभूति प्राप्त करते हैं, यहां लगने वाली झांकी हर वर्ष नए स्वरूप में नजर आती है। इस झांकी में आयोजकों द्वारा झांकी सजाने में पूरी मेहनत की जाती है। इस झांकी की विशेषता है कि यहां माता का यह दिव्य स्वरूप तैयार करने में आयोजक कई महीने पहले से मेहनत में लग जाते हैं। इस झांकी को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

महिलाएं माता के दरबार में कर रहीं भजन कीर्तन

शहर में कितने स्थानों पर कितनी झांकियां लगी हैं, संख्या का पता लगा पाना मुश्किल है। जहां देखो वहां माता की झांकिया ही नजर आ रही हैं। यह झांकिया कव्या स्कूल मार्ग पर यूनिक कम्प्यूटर के समीप लगी है, हर वर्ष यहां झांकी सजती है, और खास बात यह भी है कि झांकी में 9 दिनों तक कोई न कोई नए आयोजन जरूर होते हैं कभी बच्चों का गरबा नजर आता है तो कभी सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। इन्हीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में माता के दरबार में भक्ति का कार्यक्रम भी देखा गया। यहां महिलाएं माता के दरबार में भजन कीर्तन करते नजर आईं। महिलाओं ने यहां घंटों बैठकर माता की भक्ति में सरावोर होकर गीत गाते हुए उनका स्मरण करती रहीं।

छात्राओं ने 300 से अधिक ग्रीटिंग कार्ड किए तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

शासकीय कन्या महाविद्यालय में हैकाथॉन, इनोवेशन एवं ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय कन्या महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हैकाथॉन/इनोवेशन एवं कार्यक्रम समापन समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में छात्राओं को इनोवेशन, नवाचार एवं उद्यमिता के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा छात्राओं से इनोवेशन, उद्यमिता एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास किया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं में रचनात्मक सोच, नवाचार की भावना एवं नई संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रेरणा प्रदान की गई।

इसी क्रम में महाविद्यालय में ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्राओं द्वारा अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 300 से अधिक ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए गए। यह गतिविधि सेवा संकल्प अभियान 2026 के उद्देश्यों के अनुरूप छात्राओं में रचनात्मकता, सहभागिता एवं सामाजिक सरोकार की भावना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में नवाचार और रचनात्मक सोच सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपने नए विचारों को केवल सोच तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें प्रयोग एवं कार्य के रूप में आगे बढ़ाएँ। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने तथा अपने कौशल का निरंतर विकास करने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम में डॉ. निशी भदौरिया ने मंच का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के प्रभारी सत्यम सिंह कुर्मी रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नवाचार, उद्यमिता, रचनात्मकता एवं आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

गोवंश की देखभाल के लिए ईसागढ़ पुलिस की पहल

ईसागढ़। ईसागढ़ पुलिस द्वारा गो सेवकों की सुरक्षा एवं गोवंश की देखभाल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सराहनीय पहल की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी ईसागढ़ उप निरीक्षक मनीष सिंह गुर्जर द्वारा थाना क्षेत्र में गौ सेवा के कार्य में संलग्न गौ सेवकों को रेडियम बेल्ट एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई। उन्होने बताया कि रेडियम बेल्ट के उपयोग से रात्रि के समय सड़कों पर विचरण करने वाले गोवंश को वाहन चालकों द्वारा दूर से पहचानने में मदद मिलेगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में सहायता मिलेगी।

भोपाल मंडल के बीना स्टेशन पर होगा ठहराव

त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं अतिरिक्त यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए उधना–जयनगर के बीच विशेष दो जोड़ी अनारक्षित साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों का भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर एवं बीना स्टेशन पर ठहराव रहेगा, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी।

भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 09073 उधना–जयनगर अनारक्षित स्पेशल 18 एवं 25 अक्टूबर रविवार को उधना से 09:50 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रतलाम मंडल के रतलाम, नागदा एवं उज्जैन स्टेशनों से होते हुए भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर ठहराव लेकर मंगलवार को 05:30 बजे जयनगर पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09074 जयनगर–उधना अनारक्षित स्पेशल 20 एवं 27 अक्टूबर 2026, मंगलवार को जयनगर से 09 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन निर्धारित मार्ग से होते हुए भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर ठहराव लेकर गुरुवार को 07:30 बजे उधना पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 09071 उधना–जयनगर अनारक्षित स्पेशल 18 एवं 25 अक्टूबर रविवार को उधना से 15:45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रतलाम, नागदा एवं उज्जैन स्टेशनों से होते हुए भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर ठहराव लेकर मंगलवार को 11:30 बजे जयनगर पहुंचेगी।

इसी प्रकार ट्रेन नंबर 09072 जयनगर–उधना अनारक्षित स्पेशल दिनांक 20 एवं 27 अक्टूबर 2026, मंगलवार को जयनगर से 13:30 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन निर्धारित मार्ग से होते हुए भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर ठहराव लेकर गुरुवार को 08:30 बजे उधना पहुंचेगी।

प्रमुख ठहराव

दोनों जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का ठहराव वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी सहित विभिन्न स्टेशनों पर रहेगा।

अशोकनगर में खाद की कोई समस्या नहीं

गतवर्ष से अधिक खाद का वितरण किया : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर में खाद की कोई समस्या नहीं, गतवर्ष से अधिक खाद का वितरण किया गया। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने इस दौरान 2025 और 2026 के आंकड़े प्रस्तुत किए, इस दौरान उन्होंने कहा कि चंदेरी में डबल लॉक केन्द्र के लिए जमीन तलाशी जा रही है भवन बनने के बाद इस केन्द्र की शुरूआत की जाएगी।

प्रेस कान्फ्रेंस में अपर कलेक्टर डी.एन.सिह,संयुक्त कलेक्टर विकास कुमार आनंद,उप संचालक एस.एम.सिद्धीकी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला ब्यूरो एवं संवाददाता उपस्थित थे। प्रेस कान्फ्रेंस में कलेक्टर मालवीय ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 121 उर्वरक विक्रेय पॉइंटस है। जिसमें मार्कफेड- 03,समितियां-62 एम.पी.एग्रो-01 निजी -55 शामिल है । प्रतिदिन टोकन बुक होने की निर्धारित सीमा के अंतर्गत मार्कफेड-500 प्रति केन्द्र, निजी-200, पैक्स-200, एम.पी.एग्रो-200) है। 01 अप्रैल 2026 से आज दिनांक तक 207102 ई-विकास प्रणाली अन्तर्गत कृषकों द्वारा ई-टोकन बुक हुये है। तथा 7300 टोकन कृषक के द्वारा स्वयं कैसिंल कराये गये है। 01 अप्रैल 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक (खरीफ सीजन हेतु) 104781 कृषक द्वारा 68578 मे.टन. उर्वरको का उठाव किया गया है।01 अक्टूम्बर 2026 से 14 अक्टूम्बर 2026 तक (रबी सीजन हेतु) 9403 कृषक द्वारा 6269 मे.टन. उर्वरको का उठाव किया गया है। जिले में रबी सीजन 2026-27 में ई-विकास प्रणाली 2.0 अन्तर्गत डबल लॉक केन्द्रो, सेवा सहकारी समितियों एवं विकासखण्ड के कृषि कार्यालयों में उर्वरक वितरण व्यवस्था एवं ई-टोकन बुक करने में कृषको की सहायता हेतु (हेल्प डेस्क) कृषक सहायता केन्द्रो की स्थापना की गई है।



उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिला स्तर पर बेहतर तरीके से कराया गया। यह अभियान जिले में 17 सितम्बर प्रारंभ हुआ,जिसका समापन 17 अक्टूबर 2026 को किया जायेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के अंतर्गत लगाये गये शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, सीएम हेल्पलाईन,लोक सेवा गारंटी अधिनियम गांरटी के तहत निराकृत आवेदनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक जिले में केन्द्रीय मंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय मंत्री के 06 मुख्य बडे कार्यक्रमों का आयोजन जिले में किया जायेगा। जिसमें करीला माता मंदिर पर आदिवासी सम्मेलन,सेहराई में हितग्राही सम्मेलन, अशोकनगर में नगरीय क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण,कॉल सेंटर के नवीन भवन का भूमि पूजन,कौशल विकास सम्मेलन,आपदा युवा मित्रों को किट का वितरण शामिल है। प्रेस कान्फ्रेंस में जनगणना के द्वितीय चरण,स्वाामित्व योजना के बारे में जानकारी दी गई।



12 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी सहित तीन वारंटी गिरफ्तार

ईसागढ़। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना ईसागढ़ पुलिस ने वर्ष 2014 से फरार स्थायी वारंटी सहित तीन स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 13 अक्टूबर को थाना ईसागढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि न्यायालय द्वारा जारी प्रकरण क्रमांक 2685/2014 में फरार स्थायी वारंटी परमाल सिंह पुत्र सोमा आदिवासी, निवासी ग्राम कुलवार, अपने घर आया हुआ है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दबिश दी और करीब 12 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी परमाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम द्वारा न्यायालय के दो अन्य प्रकरणों में फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार थाना ईसागढ़ पुलिस ने एक ही दिन में कुल तीन स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

कथावाचक ने सुनाई भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा

पिपरई में श्रीराम कथा में गूंजे शिव विवाह के प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर में चल रही श्रीराम कथा के दौरान कथावाचक बाल बिहारी ने भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान शिव के वैराग्य, माता सती के त्याग, माता पार्वती की कठोर तपस्या और शिव-पार्वती विवाह की दिव्य गाथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने धर्म एवं भक्ति के साथ कथा का आनंद लिया।

कथावाचक बाल बिहारी ने बताया कि माता सती द्वारा योगाग्नि में अपने शरीर का त्याग करने के बाद भगवान शिव गहरे वैराग्य में लीन हो गए और समाधि में चले गए। इसके बाद माता सती ने पर्वतराज हिमवान के घर माता पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या और अटूट श्रद्धा से प्रसन्न होकर भगवान श्रीराम ने स्वयं भगवान शिव से माता पार्वती के साथ विवाह करने का आग्रह किया।



भूत-पिशाच और शिवगणों के साथ निकली अनोखी बारात

शिव विवाह के प्रसंग का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि भगवान शिव नंदी पर सवार होकर भूत-पिशाचों और अपने गणों के साथ माता पार्वती से विवाह करने के लिए पर्वतराज हिमवान के यहां पहुंचे। भगवान शिव की अनोखी वेशभूषा और उनके गणों को देखकर माता मैना आश्चर्यचकित हो गईं और मूर्छित हो गईं। इसके बाद माता पार्वती के अनुरोध तथा सभी के स्नेह को देखते हुए भगवान शिव ने अपना अत्यंत सुंदर एवं दिव्य स्वरूप धारण किया। कथा के दौरान भगवान शिव के गोत्र पूछे जाने का प्रसंग भी सुनाया गया। कथावाचक ने बताया कि भगवान शिव ने अपना गोत्र नाद बताया, जो उनके अनादि और अनंत स्वरूप का प्रतीक माना जाता है। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से किया कथा का रसपान

शिव विवाह के मनोहारी प्रसंग ने कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। नगरवासियों ने श्रद्धा और आस्था के साथ कथा श्रवण किया तथा भगवान शिव और माता पार्वती के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बाल बिहारी ने कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, तपस्या, त्याग और समर्पण का संदेश दिया। श्रीराम कथा के आयोजन से नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

जय महाकाली गरबा महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



बीना। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की धूम बनी हुई है। इसी श्रृंखला में जय महाकाली समिति के तत्वावधान में नरसिंह मंदिर के समीप स्थित बरसाना सत्संग हॉल में 'जय महाकाली गरबा महोत्सव' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक महोत्सव में महिलाओं, युवतियों और नन्हीं बालिकाओं ने परंपरागत परिधानों में सज-धजकर बड़े उत्साह और उमंग के साथ गरबा व डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। ढोल की थाप और माता के भजनों पर श्रद्धालुओं ने देर रात तक जमकर गरबा खेला, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माया परिहार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राहुल सेन एवं कृष्णा रजक उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा गरबा में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली महिलाओं और बच्चों को उपहार एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में जय महाकाली समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। विशेष रूप से कार्यक्रम की आयोजक गीतिका राजपूत, शिवांगी राजपूत एवं विभा राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।